LIFESAVING SOCIETY®
*The Lifeguarding Experts*

प्रिय माता-पिता/अभिभावक,

आपका बच्चा स्कूल में Lifesaving Society के ***Swim to Survive®*** कार्यक्रम में भाग ले रहा है। *Swim to Survive* गहरे पानी में अप्रत्याशित रूप से गिर जाने पर जीवित बचे रहने के लिए जरूरी तीन आवश्यक कौशलों में प्रशिक्षण प्रदान करता है। आपका बच्चा सीखेगा कि:

- गहरे पानी में **रॉल** कैसे करें
- पानी में 1 मिनट के लिए **ट्रीड** कैसे करें
- 50 मीटर कैसे **तैरें**

***Swim to Survive*** कार्यक्रम ग्रेड 3 के छात्रों के लिए है। इस कार्यक्रम के तीन भाग हैं।

1. पानी के भीतर के 3 पाठ, जो 3 कौशलों (रॉल करना, ट्रीड करना और तैरना) सिखाते हैं।
2. कक्षा के भीतर 3 सुरक्षा पाठ जो ऑन्टेरियो पाठ्यक्रम के साथ संबद्ध हैं
3. ***Swim to Survive*** के बारे में माता-पिता के लिए जानकारी

Swim to Survive कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है कि ऑन्टेरियो में ग्रेड 3 के बच्चे उत्तरजीविता के बुनियादी कौशलों को सीखें और गहरे पानी में अप्रत्याशित रूप से गिर जाने पर बच जाएं। तैरना सीखना एक बुनियादी कौशल है जिससे सभी छात्रों को लाभ होगा, हालांकि अनेक बच्चों को स्कूल में अपने कक्षा दिवस में या उसके बाहर तैरने का अवसर मिल भी सकता है या नहीं भी। इसके परिणामस्वरूप, कार्यक्रम को उत्तरजीविता के लिए आवश्यक कौशलों को सुदृढ़ बनाते हुए सभी सक्षमताओं को समायोजित करने के लिए तैयार किया गया है।

Lifesaving Society का मानना है कि Swim to Survive पानी के आसपास सुरक्षित रहने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि कनाडा में प्रत्येक बच्चा Swim to Survive मानक को उत्तीर्ण कर लेता है तो हमारा मानना है कि डूबने की घटनाएं आधी रह जाएंगी। ऑन्टेरियो शिक्षा मंत्रालय इस पहल का समर्थन करता है और उसने ग्रेड 3 के छात्रों को कार्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए Lifesaving Society को वित्तपोषण उपलब्ध कराया है।

आपके बच्चे का स्कूल इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चुना गया है। छात्र और उनके शिक्षक पानी के भीतर के तीन एक घंटे के पाठों के लिए किसी स्थानीय पूल पर जाएंगे।

मैं आपका यू-ट्यूब पर ***Swim to Survive*** हमारा नया वीडियो देखने के लिए आह्वान करता हूँ। इसे आप http://www.youtube.com/user/OntarioLifesaving पर पा सकते हैं। यह वीडियो Swim to Survive कौशलों को सीखने के लिए ग्रेड 3 के छात्रों के लिए अत्यंत विशिष्ट है। यह वीडियो 8 भाषाओं में उपलब्ध है।

यदि आपको और जानकारी चाहिए या आपका इस उत्तरजीविता प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे कोई प्रश्न है तो मुझसे 416-490-8844 पर सीधे या biancaf@lifeguarding.com पर ई-मेल से निःसंकोच संपर्क करें।

सनिष्ठा,

Bianca Fazzari
लोकशिक्षण समन्वयक डॉ.

पंजीकृत चैरिटी संख्या 10809 7270 RR0001

400 Consumers Road
Toronto, Ontario M2J 1P8
Canada

टेलीफोन: **416-490-8844** फैक्स: **416-490-8766**
ई-मेल: **experts@lifeguarding.com**
**www.lifesavingsociety.com**